एक नजर में

शनिधाम में मना फाग महोत्सव

इंदौर . उषा नगर स्थित गजासीन शनिधाम पर फाग महोत्सव धूम धाम से आयोजित हुआ . महामंडलेश्वर दादू महाराज के सानिध्य में प्रसिद्ध भजन गायक पं . सौरभ दुबे (लाडला) द्वारा आज बृज में होली रे रसिया, रसिया को नार बनाओ री ... सहित कई फाग भजनों की प्रस्तुति दी गई जिस पर भक्त आनंद के साथ झूमे . महोत्सव पश्चात आरती की गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण हुआ . साथ ही 51 किलो ठंडाई भी वितरण की गई . कई किलो फूल व गुलाल से भक्तों ने फाग महोत्सव का आनंद लिया . इस अवसर पर प्रताप तोलानी, दीपक बाबा, पार्षद हरप्रीत कौर लूथरा, महापौर प्रतिनिधि भरत पारिख, सोनू अहिरवाल, मनोज हार्डिया, इंदू श्रीवास्तव, आशीष साहू, सहित कई श्रद्धालुजन उपस्थित थे .

एआई प्लस स्मार्टफोन ने पल्स 2 लॉन्च किया

इंदौर . एआई प्लस स्मार्टफोन ने पल्स 2 लॉन्च कर दिया . कंपनी का कहना है कि यह फोन तकनीक को आम लोगों तक पहुंचाने के अपने मिशन का अगला कदम है . किफायती कीमत में आसान और स्मूद इस्तेमाल देने के लिए तैयार किया गया पल्स 2 रोजमर्रा की जरूरतों पर फोकस करता है- भरोसेमंद परफॉर्मेंस, पूरे दिन चलने वाली बैटरी और आसान फोटोग्राफी। इसकी बिक्री 11 मार्च से दोपहर 12 बजे फ्लिपकार्ट पर शुरू होगी . पल्स 2 दो वेरिएंट— 4 जीबी + 64 जीबी और 6 जीबी + 128 जीबी में मिलेगा . माधव शेठ, सीईओ, एआई प्लस स्मार्टफोन और फाउंडर, नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज ने कहा पल्स 2, पल्स 1 की मजबूत शुरुआत को आगे बढ़ाता है। हमने उन्हीं फीचर्स को बेहतर किया है जिनका लोग सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं- बेहतर कैमरा, भरोसेमंद बैटरी और बॉक्स से बाहर ही स्मूद सॉफ्टवेयर . हमारा मकसद है कि यूजर्स बिना ज्यादा खर्च किए बेहतर विकल्प चुन सकें .

सैमसंग के सबसे एडवांस्ड गैलेक्सी बड्स4 प्रो लॉन्च

इंदौर . सैमसंग ने घोषणा की है कि उसके गैलेक्सी बड्स4 प्रो और गैलेक्सी बड्स4 आज से प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध हैं . ये नए ईयरबड्स बेहतरीन हाई-फाई ऑडियो और रोज़मर्रा के इस्तेमाल के अनुभव को फिर से परिभाषित करते हैं . गैलेक्सी बड्स4 सीरीज़ शानदार साउंड क्वालिटी और कम्प्यूटेशनल तरीके से तैयार की गई फिटिंग का एक बेजोड़ मेल है . पहली बार, बड्स4 प्रो में ज़्यादा चौड़ा वूफर, बेहतर ऐक्टिव नॉइस कैंसिलेशन और बेहतर एडेप्टिव इक्वलाइज़र दिया गया है, जिससे आवाज़ मूल रिकॉर्डिंग जैसी शुद्ध सुनाई देती है . बड्स4 सीरीज़ के साथ, सैमसंग ने नए ब्लेड डिज़ाइन को पेश किया है . यह एक बड़ी कम्प्यूटेशनल उपलब्धि है, जो दुनिया भर के लाखों लोगों के कानों के डेटा पॉइंट्स और 10,000 से अधिक सिमुलेशन पर आधारित है . बड्स4 सीरीज़ में एक अल्ट्रा-स्लीक और एर्गोनॉमिक फिट दिया गया है, ताकि उपयोगकर्ताओं को अधिक आरामदायक अनुभव मिले .

अमेजन का सैलर्स के लिए तोहफा

इंदौर . अमेजन इंडिया ने फीस में कटौती की घोषणा की, जिससे देश में लाखों सैलर्स तेजी से वृद्धि करने में समर्थ बनेंगे . पिछले साल फीस रिवीज़न के बाद कंपनी ने जीरो रेफरल फीस के कवरेज में 10 गुना से ज्यादा वृद्धि करते हुए इसे साल 2025 में 1.2 करोड़ प्रोडक्ट्स से साल 2026 में 12.5 करोड प्रोडक्ट्स तक बढ़ा दिया . जीरो रेफरल फीस 1800 से अधिक कैटेगरीज़ के उन प्रोडक्ट्स पर लागू होगी, जिनके मूल्य 1,000 रुपये से कम हैं . इसके अलावा, एमेज़ॉन ने 300 रुपये से कम मूल्य के 20 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर इज़ी शिप फीस को भी कम कर दिया है . एमेज़ॉन इंडिया के डायरेक्टर, सैलिंग पार्टनर सर्विसेज़, अमित नंदा ने कहा पिछले साल फीस में कटौती की सफलता के बाद अब हम और ज्यादा सैलर्स तक इसका लाभ पहुँचा रहे हैं . 1,800 से अधिक कैटेगरीज़ में 12.5 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट्स पर रेफरल फीस के खत्म होने और लॉजिस्टिक्स की लागत घटने से सैलर्स को फीस में 70 प्रतिशत तक की बचत प्राप्त होगी .

आश्रम के बच्चों ने किए सांवलिया सेठ के दर्शन

इंदौर . कालानी नगर उन्मुक्त आश्रम के बच्चों को साँवलिया सेठ मन्दिर की निशुल्क धार्मिक यात्रा कराई . संचालिका सौम्या जैन तिलगोता ने बताया कि धार्मिक यात्रा में बच्चों ने राजस्थान के मंदिरों के साथ वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य को भी निहारा . सभी बच्चों ने उत्साह से भाग लिया और पूरी यात्रा का आंनद लिया . सौम्या ने बताया कि आश्रम के बच्चों को पूर्व में भी धार्मिक यात्राएँ कराई गई . इस आयोजन में त्रिनेत्रम संस्था का सहयोग रहा .

होली पर जी5 'डालिंब' पहला लुक प्रस्तुत कर रहा

इंदौर . इस होली, जब रंग सीमाओं को मिटा देते हैं और भावनाएँ सतह पर उभर आती हैं, हिंदी ज़ी5 अपने आने वाले थ्रिलर-ड्रामा डालिंब का डरावना पहला लुक प्रस्तुत कर रहा है- एक ऐसी फिल्म जो यादों और सच्चाई, प्यार और हानि, वास्तविकता और भ्रम के बीच की सीमाओं को धुंधला करने का वादा करती है . यह फिल्म हिंदी ज़ी5 और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट के बीच पहली सहयोगात्मक परियोजना है . उपनगर के मध्यमवर्गीय मुंबई की पृष्ठभूमि में बनाई गई यह फिल्म, जिसे इस साल के आखिर में प्लेटफ़ॉर्म पर रिलीज़ किया जाएगा . हिंदी ज़ी5 के बिज़नेस हेड और चीफ चैनल ऑफिसर एंड टीवी, कावेरी दास ने कहा हिंदी ज़ी5 में हमारा फोकस एक मजबूत डायरेक्ट-टू-डिजिटल इकोसिस्टम बनाने पर है, जिसकी नींव कमिशन्ड और स्ट्रीमिंग-फर्स्ट फिल्मों पर आधारित है . 'डालिंब' एक सायकोलॉजिकल ड्रामा है, जो यादों, अपराधबोध और मानव संबंधों के नाजुक संगम की पड़ताल करता है, और यह कहानी परतदार किरदारों और भावनात्मक रूप से समृद्ध कहानी कहने के माध्यम से उभरती है .

सिमिरन कौर नए सिंगल दिलबरजानी के साथ कर रहीं वापसी

इंदौर . पंजाबी संगीत की सबसे खास और बेबाक आवाज़ सिमिरन कौर धाड़ली अपने नए सिंगल 'दिलबरजानी' के साथ वापसी कर रही हैं . यह एक हाई एनर्जी लव ट्रैक है, जो आत्मविश्वास और आत्मनिर्भर महिला के नजरिए से रोमांस को नए अंदाज़ में पेश करता है . एक महिला द्वारा लिखा गया और उस महिला की नजर से प्रस्तुत, जो जानती है कि उसे कितनी गहराई से चाहा जाता है, 'दिलबरजानी' एक बड़े बदलाव को मजबूत करता है, एक ऐसा दौर, जहां महिलाएं अपनी शर्तों पर बोलती हैं, नेतृत्व करती हैं और प्यार करती हैं . ट्रैक के बारे में बात करते हुए सिमिरन कौर धाड़ली ने कहा, 卐मेरे लिए 'दिलबरजानी' अपने स्थान को अपनाने का नाम है- खुलकर, ईमानदारी से और बराबरी के साथ . वह जानती है कि उसकी कद्र की जाती है, उसे प्यार किया जाता है और वह इसमें मजबूती से खड़ी रहती है . यह एक याद दिलाता है कि आपको किसी और के प्यार की परिभाषा में फिट होने की ज़रूरत नहीं है। इसमें गहराई और तारीफ़ है, लेकिन महिला खुद तय करती है कि उसे कैसे देखा और प्यार किया जाए .

नेक्सस इंदौर सेंट्रल में पॉ फेस्ट ने बिखेरा उत्सव का रंग

इंदौर . नेक्सस इंदौर सेंट्रल ने सामुदायिक उत्सव और मनोरंजन को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से आकर्षक गतिविधियों की श्रृंखला प्रस्तुत की . पाव फेस्ट की दिल छू लेने वाली झलकियों से लेकर कृष्णा संसार ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित जोशीले जैमिंग सेशन तक, मॉल दो जीवंत संध्याओं का केंद्र बना रहा- जहाँ संगीत, उत्साह और यादगार पलों ने परिवारों और आगंतुकों को एक साथ जोड़ा . 26 फरवरी को आयोजित जैमिंग सेशन में 200 से अधिक संगीत प्रेमियों ने भाग लिया . पाव फेस्ट-पेट शो 28 फरवरी को आयोजित हुआ . इस आयोजन में 50-60 पालतू जानवरों और उनके परिवारों ने भाग लिया . कार्यक्रम ने पेट पेरेंट्स और पशु-प्रेमियों को अपने प्यारे साथियों के साथ खुशी साझा करने और शहर में पशु प्रेमियों के बढ़ते समुदाय के साथ जुड़ने का अवसर दिया .

आस्था, परंपरा और उल्लास के साथ हुआ होलिका दहन

- सबसे पहले राजवाड़ा पर जली परंपरागत सरकारी होली
- फिर उसकी आग से हुआ अन्य क्षेत्रों में होलिका दहन

नवभारत न्यूज

इंदौर. फाल्गुन पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार शाम शहरभर में श्रद्धा, आस्था और परंपरा के साथ होलिका दहन किया गया. ×00 वर्षों से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए सरकारी होली का दहन 1100 कंडों के साथ किया गया. चंद्र ग्रहण और भद्रा के साये के बीच पहली सरकारी होली शाम को ठीक सात बजे जली. इसके बाद यहां की अग्नि से आसपास के क्षेत्रों की होली जलाई गई. इस अवसर पर होलकर राजवंश के परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे.

कुल पुरोहित द्वारा पारंपरिक रीति से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन संपन्न कराया गया. शहर में पांच सौ से 'यादा स्थानों पर होलिका दहन के आयोजन किए गए.

परंपरा के संग श्रद्धा का संगम : शाम छह बजे से ही राजवाड़ा पर लोग जुटने लगे थे. होली जलने के बाद उन्होंने ऊंबी अंगारों पर सेंकी और जलती होली की परिक्रमा की. होलिका को राजपरिवार के लोगों द्वारा वस्त्र अर्पित किए गए और गोकाष्ट से होलिका दहन किया गया. शहरभर में होलिका दहन से पूर्व विधिवत पूजन किया गया. महिलाओं ने श्रद्धाभाव से होलिका की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की. वरिष्ठजनों ने नई फसल के प्रतीक स्वरूप गेहूं की बालियां अग्नि में सेंकी और परिक्रमा लगाकर खुशहाली की प्रार्थना की. होलिका की पवित्र अग्नि के चारों ओर श्रद्धालुओं की परिक्रमा से वातावरण भक्तिमय हो उठा. ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक जयघोष के बीच शहर में उत्साह का माहौल देखने को मिला.

चंद्रग्रहण का असर : कल मनाया जाएगा धुलेंडी

सोमवार शाम 5 .45 बजे से पूर्णिमा शुरू हो गई, जो तीन मार्च को शाम पांच बजे तक रहेगी . मंगलवार को चंद्रग्रहण दोपहर × .21 से शाम 6 .47 बजे तक रहेगा . इसका सूतक काल नौ घंटे पहले सुबह 6 .21 बजे से लगेगा, जो ग्रहण समाप्त होने तक यानी शाम 6 .47 बजे तक रहेगा . इस कारण जिन परिवारों में किसी सदस्य की मृत्यु हुई है . उनके वहां रिश्तेदार व परिजन 4 मार्च को रंग डालने जाएंगे . इसके अलावा अन्य पूजा के कार्य भी मंगलवार को नहीं होंगे . होलिका दहन के साथ ही रंगोत्सव की औपचारिक शुरुआत हो गई . चंद्रग्रहण के कारण मंगलवार की बजाय बुधवार को धुलेंडी पर्व मनाया जाएगा . धुलेंडी पर पूरा शहर रंगों में सराबोर होगा, जहां प्रेम, भाईचारे और उमंग के रंग इंदौर की फिजा को और भी रंगीन बनाएंगे .

कलेक्टोरेट में लगा हर्बल कलर और उपले का स्टॉल

- कलेक्टर ने स्टॉल से खरीदी होली पूजन की सामग्री

नव भारत न्यूज

इंदौर. आज ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाओं ने कलेक्टर कार्यालय में हर्बल वस्तुओं का स्टॉल लगाया. स्टॉल पर प्राकृतिक सामग्री से तैयार हर्बल गुलाल और पूजन सामग्री बेचने के लिए उपलब्ध थी. कलेक्टर ने स्वयं आ होली पूजन की सामग्री खरीदी की.

होली पर्यावरण अनुकूल सुरक्षित और स्वस्थ तरीके से मानने को लेकर आज कलेक्टर कार्यालय परिसर में आज हर्बल रंग, उपले और गेहूं की बाली का विशेष स्टॉल लगाया गया. स्टॉल ग्रामीण आजीविका मिशन से

जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित किया गया. स्टॉल पर प्राकृतिक सामग्री से तैयार किए गए हर्बल गुलाल और पूजा सामग्री खरीसने ले लिए उपलब्ध थी. कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्टॉल का अवलोकन कर होली पूजन के लिए हर्बल रंग और उपले खरीदे. उन्होंने कहा कि हर्बल रंगों का उपयोग न केवल स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है, बल्कि इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है. साथ ही यह ग्रामीण महिलाओं की आजीविका आर्थिक मजबूती देने का प्रभावी माध्यम भी है.

हर्बल रंगों का उपयोग करें

कलेक्टर वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि होली पर रासायनिक रंगों से बचते हुए हर्बल रंगों का उपयोग करें, ताकि स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों सुरक्षित रह सकें . इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन भी मौजूद थे .

राज्य पात्रता परीक्षा पूर्णत : सुरक्षित एवं पारदर्शी

- आयोग ने अफवाहों पर लगाया विराम

नवभारत न्यूज

इन्दौर. राज्य पात्रता परीक्षा 2025 का आयोजन 1 मार्च को प्रदेश के 12 जिलों एवं संभाग मुख्यालयों पर सफलतापूर्वक किया गया.आयोग के संज्ञान में आया है कि कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं समाचार माध्यमों में परीक्षा प्रश्न पत्र लीक होने संबंधी भ्रामक समाचार प्रसारित किए जा रहे हैं. इस संबंध में आयोग स्पष्ट करना चाहता है कि प्रश्न पत्र लीक होने की खबरें तथ्यहीन हैं.

घटना का वास्तविक विवरण

भोपाल स्थित एक परीक्षा केंद्र पर परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व मानवीय त्रुटिवश दो परीक्षा कक्षों के प्रश्न पत्र सेट आपस में परिवर्तित होकर वितरित हो गए थे. त्रुटि की जानकारी मिलते ही संबंधित कक्षों से खुले हुए प्रश्न पत्र तत्काल वापस लेकर परीक्षार्थियों को नई सीलबंद प्रश्न पत्र बुकलेट उपलब्ध कराई गई.

अतिरिक्त समय प्रदान किया गया

इस प्रक्रिया में जितना समय व्यर्थ हुआ, उतना अतिरिक्त समय संबंधित परीक्षार्थियों को प्रदान किया गया, जिससे उन्हें प्रश्न पत्र हल करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो .

अफवाहों से सावधान रहने की अपील

आयोग सभी परीक्षार्थियों करता है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही अपुष्ट एवं भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें . परीक्षा प्रक्रिया पूर्णत : पारदर्शी एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न की गई है

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मनाई होली

नवभारत

इंदौर. सोमवार को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा विशेष रूप से होली का उत्सव मनाया गया. अगले दिन से अवकाश घोषित होने के कारण बाहर से इंदौर पढ़ने आए अधिकांश छात्र-छात्राएं अपने-अपने घरों के लिए रवाना होने वाले हैं. इसी को देखते हुए सभी विद्यार्थियों ने परिसर में एकत्रित होकर पहले ही होली की शुभकामनाएं दीं और रंग-गुलाल के साथ त्योहार का आनंद लिया.

विश्वविद्यालय परिसर में

विद्यार्थियों के बीच उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला. कई छात्र-छात्राएं भावुक भी नजर आए, क्योंकि अवकाश के दौरान वे अपने उन साथियों से दूर रहेंगे जो इंदौर में ही रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। बाहर से आए विद्यार्थियों ने होली मनाकर अपने मित्रों को अग्रिम शुभकामनाएं दीं

निर्भय सिंह पटेल कॉलेज में भी विशेष आयोजन

वहीं दूसरी ओर निर्भय सिंह पटेल कॉलेज में भी छात्र एवं छात्राओं द्वारा होली का विशेष आयोजन रखा गया . कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पारंपरिक तरीके से रंग-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उत्सव का आनंद लिया . कॉलेज प्रशासन की देखरेख में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाई गई . बाहर से पढ़ाई करने आए छात्र-छात्राएं होली का उत्सव मनाकर अपने-अपने घरों के लिए रवाना होंगे, जबकि स्थानीय विद्यार्थी अपने परिवार के साथ त्योहार मनाएंगे .

स्वतंत्रता संग्राम सैनानी तोमर के 104 वर्ष में प्रवेश करने पर सार्वजनिक अभिनंदन

- महोत्सव में 5 विभुतियां होंगी तोमर अलंकरण से सम्मानित

इंदौर. देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लडने् वाले इन्दौर शहर के सैनानियों में से एक नरेन्द्र सिंह तोमर (नत्थुसिंह) 4 मार्च 2026 को अपने जीवन काल के 103 वर्ष पूर्ण कर 104 वर्ष में प्रवेश करने जा रहे हैं. उनके त्याग और बलिदान के लिए श्री गीतारामेश्वरम् ट्रस्ट, अ.भा. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन एवं नेताजी सुभाष मंच उनका सार्वजनिक अभिनंदन के साथ 5 विभुतियों को तोमर अलंकरण से सम्मानित करने जा रहा है. जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनाराण पटेल एवं मदन परमालिया समाजसेवी ने जानकारी देते हुए बताया कि इन्दौर समीप ग्राम पिवड़ाय में जन्मे मालवीय कवी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नरेन्द्र सिंह तोमर उर्फ नत्थुसिंह का शताब्दी वर्ष के रूप में सार्वजनिक अभिनंदन संगठन द्वारा 5 मार्च को प्रात: 10.00 बजे रिगल चौराहा स्थित इंडियन कॉफी हाउस में किया जाएगा. इस अवसर पर 5 विभुतियां जिनमें स्वतंत्रता सैनानी परिवार ईश्वर झामनानी, प्रभाकर चौखंडे, निर्मला शर्मा, गणेश वर्मा, गोपीकृष्ण पाण्डे को तोमर अलंकरण से नवाजा जाएगा.

पारंपरिक फाग गीतों और नृत्य की दी प्रस्तुति

- जांगड़ा पोरवाल समाज का तीन दिवसीय होली महोत्सव

इंदौर. जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय होली महोत्सव का शुभारंभ फाग उत्सव के साथ हर्षोल्लासपूर्वक किया गया. रंग, गुलाल और पारंपरिक गीत-संगीत के बीच समाजजनों ने उत्सव की शुरुआत की.

उत्सव समिति से अरुण पोरवाल ने बताया कि यह आयोजन समाज की एकता, प्रेम और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का प्रयास है. कार्यक्रम में अध्यक्ष रामदयाल फरक्या, सुभाष धनोतिया, लेखराज कारा, राहुल धनोतिया, अमित मेहता सहित समाज के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे. पहले दिन महिला मंडली द्वारा फाग उत्सव मनाया गया. पारंपरिक फाग गीतों, नृत्य और रंगों के साथ समाज की महिलाओं ने उत्सव को जीवंत बना दिया. सोमवार को बजे होलिका दहन का आयोजन किया गया. समाजजनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की.

फूलपाती कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह

4 मार्च को मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें सायं 4 बजे फूलपाती कार्यक्रम रखा गया है . इसके पश्चात सामान्य सभा, प्रतिभा सम्मान, समाज मिलन समारोह एवं स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा . आयोजन जांगड़ा पोरवाल समाज परिसर, नृसिंह मंदिर, छत्रीबाग में आयोजित किए जा रहे हैं .

एक नजर में — महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया

वैज्ञानिक सोच ही प्रगति का आधार

इंदौर. शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया. कार्यक्रम का आयोजन भौतिकी विभाग एवं वनस्पति शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया.

कार्यक्रम की शुरुआत में संयोजक डॉ. अनीता मुकाती ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीडी श्रीवास्तव ने छात्राओं को अनुसंधान एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया. प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी. पी. बैरागी ने कहा कि वैज्ञानिक सोच ही प्रगति का आधार है. मुख्य अतिथि डॉ. पी.के. दुबे ने विभिन्न रोचक वैज्ञानिक प्रयोगों का प्रदर्शन कर छात्राओं में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर बल दिया. अतिथि सूर्यप्रकाश जायसवाल ने भी छात्राओं को विज्ञान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने तथा वैज्ञानिक सोच को दैनिक जीवन में व्यवहारिक रूप से लागू करने के लिए प्रेरित किया.

मॉडल व पोस्टर प्रस्तुत किए

इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम 'विज्ञान में महिलाएँ : विकसित भारत की उत्प्रेरक' के अनुरूप महाविद्यालय में भारतीय महिला वैज्ञानिकों के योगदान पर आधारित विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की गई . लगभग 160 छात्राओं ने पोस्टर एवं मॉडल प्रस्तुति प्रतियोगिता में भाग लिया . छात्राओं ने नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, जैव प्रौद्योगिकी, पर्यावरण संरक्षण तथा सतत विकास से संबंधित विविध वैज्ञानिक मॉडल एवं पोस्टर प्रस्तुत किए . प्रतियोगिता का मूल्यांकन विशेषज्ञ निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ . नीलू मालवीय, डॉ . पूजा जैन एवं डॉ . पल्लवी गुप्ता द्वारा किया गया . विजेता छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए . प्रो . काजल मतवा ने संचालन किया . प्रो . सोनम विश्वकर्मा ने आभार माना .